समाचार वाणी
ख़बर जो करें असर !

नाशिक | Sunday, 20 September 2026

# पाकिस्तान बेनकाब! पहलगाम अटैक पर QUAD देशों का सख्त संदेश, दहशत मे शंहबाज और आसिम मुनीर।

Publisher Published on 02 Jul 2025



## अमेरिका, जापान और ऑस्ट्रेलिया ने पहलगाम आतंकी हमले की कड़ी निंदा की; आतंकियों को सजा दिलाने के लिए अंतरराष्ट्रीय सहयोग की अपील की।

भारत को अंतरराष्ट्रीय मंच पर बड़ी **कूटनीतिक जीत**, क्वाड देशों ने आतंकवाद के खिलाफ एक सुर में दी कड़ी चेतावनी भारत को आतंकवाद के खिलाफ एक बड़ी कूटनीतिक सफलता मिली है। **अमेरिका, जापान और ऑस्ट्रेलिया** जैसे प्रभावशाली देशों ने **जम्मू-कश्मीर के पहलगाम मे हुंए आतंकी हमले** की **कड़ी निंदा** की है। यह हमला **22 अप्रैल** को हुआ था जिसमें **26 निर्दोष नागरिकों** की जान चली गई थी।

**QUAD देशों का कड़ा संदेश: आतंकियों को मिले सजा**
**वॉशिंगटन मे हुंई क्वाड (Quad)** देशों की बैठक के बाद एक संयुक्त बयान जारी किया गया, जिसमें कहा गया:
"हम पहलगाम में हुए आतंकी हमले की कड़ी निंदा करते हैं। हम चाहते हैं कि इस हमले के आयोजकों, हमलावरों और आर्थिक मदद देने वालों को जल्द से जल्द न्याय के कटघरे में लाया जाए।"

बयान में यह भी कहा गया कि **सीमा पार से हो या किसी और माध्यम से – आतंकवाद का हर रूप अस्वीकार्य है** और इससे वैश्विक शांति को खतरा है।

**संयुक्त राष्ट्र देशों से सहयोग की अपील**
क्वाड देशों ने सभी **संयुक्त राष्ट्र सदस्य** देशों से अपील की कि वे **अंतरराष्ट्रीय कानून** और **संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद** के

नियमों के तहत जांच में सहयोग करें। उन्होंने कहा कि आतंकवाद के खिलाफ **वैश्विक एकजुटता** आवश्यक है।

### भारत ने जताया आभार

भारत सरकार ने क्वाड देशों के इस समर्थन का स्वागत किया है। विदेश मंत्रालय ने कहा कि यह अंतरराष्ट्रीय समुदाय की ओर से भारत की आतंकवाद विरोधी नीति को समर्थन देने वाला कदम है। भारत ने इसे "सिद्धांतों की जीत" बताया।

### शोक संवेदना और एकजुटता का संदेश

बयान में **मारे गए निर्दोष नागरिकों के परिवारों के प्रति गहरी संवेदना** व्यक्त की गई है। घायलों के शीघ्र स्वस्थ होने की कामना करते हुए, क्वाड नेताओं ने कहा कि **दुनिया को आतंकवाद के खिलाफ एकजुट होकर खड़ा** होना होगा।

ऐसी ही देश और दुनिया की बड़ी खबरों के लिए फॉलो करें: www.samacharwani.com

---

DISCLAIMER: the views/contents expressed/presented herein, within this advertorial and promotional feature are the sole and exclusive responsibility of individual clients/expert/their authorised representative/Publisher, to which effect, publication house/its representative/affiliates are not responsible/liable whatsover.